वर्ष 1 - अंक 55
शनिवार 25 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## उत्तर प्रदेश के कुंभ मेले में आतंकी "अयूब खान" गिरफ्तार

सहसंपादक रणजीत टाइम्स



साधु बनकर आया था और साधुओं में मिल गया था
उसने सबसे बड़ा अपराध करने की साजिश रची थी जो उसका धर्म सिखाता है। भगवान की कृपा से हमारे साधुओं ने इस आतंकी की करतूतों पर ध्यान दिया और इसे पुलिस के हवाले कर दिया।

## चलो महू चलो महू



इंदौर। 27 जनवरी जय बापू जय भीम जय संविधान आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी और इंदौर जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव जी के नेतृत्व में आज राऊ विधानसभा की ग्रामीण पंचायत सिंहासा जवाहर टेकरी में बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से जोरा विधायक पंकज उपाध्याय जी राणा भीम सिंह राठौड़ जी संगठन मंत्री अजय शर्मा सुरेश पटेल प्रफुल्ल शर्मा भारत शुक्ला सिंहासा उप सरपंच अर्जुन राठौड़ अल्केश ठाकुर शामिल हुए संगठनात्मक मीटिंग ली।

## ममता कुलकर्णी बनीं महामंडलेश्वर

बॉलीवुड से अध्यात्म तक का सफर



बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी, जो अपने समय में एक बड़ी स्टार रह चुकी हैं, ने महाकुंभ में सन्यास लेकर सभी को चौंका दिया है। अब वह 'यामाई ममता नंद गिरी' के नाम से जानी जाएंगी। उन्होंने किन्नर अखाड़े में दीक्षा लेकर आध्यात्मिक जीवन को अपनाया है और उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि दी जा रही है।

महामंडलेश्वर बनने की प्रक्रियाः 1. संन्यास ग्रहण करनाः कोई भी व्यक्ति महामंडलेश्वर बनने से पहले संन्यास लेता है। यह प्रक्रिया गुरु की दीक्षा से शुरू होती है।

2. आध्यात्मिक ज्ञानः व्यक्ति को वेद, पुराण, शास्त्र और सनातन धर्म के सिद्धांतों में गहन ज्ञान अर्जित करना पड़ता है।

3. साधना और तपस्याः संन्यासी को साधना और तपस्या के माध्यम से अपनी आत्मा को निर्मल करना होता है।

4. अखाड़े की मान्यताः महामंडलेश्वर बनने के लिए अखाड़े द्वारा स्वीकृति आवश्यक होती है। यह केवल योग्य और धर्मपरायण साधुओं को दी जाती है।

5. धार्मिक कर्तव्यः महामंडलेश्वर बनने के बाद व्यक्ति धर्म का प्रचार-प्रसार करता है और अखाड़े के महत्वपूर्ण आयोजनों की जिम्मेदारी संभालता है।

महामंडलेश्वर कौन बन सकता है? जो व्यक्ति गृहस्थ जीवन का त्याग कर चुका हो। धर्म और अध्यात्म में गहरी रुचि और ज्ञान रखने वाला हो। जिसने अपने जीवन को समाज सेवा और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया हो।

ममता कुलकर्णी का नया अध्याय ममता कुलकर्णी का यह परिवर्तन दिखाता है कि जीवन में धर्म और आध्यात्मिकता का मार्ग चुनने के लिए कभी देर नहीं होती। जहां वह पहले बॉलीवुड की चकाचौंध में रहती थीं, अब उन्होंने शांति और साधना का मार्ग चुना है।

### किन्नर अखाड़े का महत्व

किन्नर अखाड़ा, जो सनातन परंपरा का हिस्सा है, भारत में किन्नरों को सामाजिक और धार्मिक पहचान देता है। इस अखाड़े की स्थापना 2015 में की गई थी। किन्नर अखाड़ा यह संदेश देता है कि सभी को समानता का अधिकार है, चाहे वह किसी भी लिंग के हों। ममता कुलकर्णी का इसमें शामिल होना इस अखाड़े के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

### निष्कर्ष

ममता कुलकर्णी का बॉलीवुड से लेकर महामंडलेश्वर बनने तक का सफर प्रेरणादायक है। उनका यह कदम न केवल धर्म और आध्यात्मिकता की ओर एक बड़ी प्रेरणा है, बल्कि यह भी दिखाता है कि सच्चे बदलाव की राह कभी भी शुरू की जा सकती है।

विशेषः उनकी इस यात्रा पर आने वाले समय में और जानकारी सामने आएगी, जो समाज के लिए एक नई दिशा स्थापित करेगी।




## राहुल गांधी बोले, दिल्ली को चाहिए शीला दीक्षित का विकास मॉडल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों द्वारा बयानबाजी तेज कर दी गई है। आज कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। राहुल गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण व भ्रष्टाचार, दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है।



## महाकुंभ में आज से बाहरी गाड़ियों की एंट्री बैन

**प्रयागराज।** महाकुंभ का आज 12वां दिन है। अब तक रिकॉर्ड 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। आज से महाकुंभ में बाहरी गाड़ियों की एंट्री बैन कर दी गई है। शाम को पहली बार ड्रोन शो का आयोजन होगा। डिप्टी सीएम केशव मौर्य भी आज महाकुंभ में रहेंगे। गुरुवार को डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने महाकुंभ में कहा- अगर देश में मौजूदा परिस्थितियां नहीं बदलीं, तो 2035 तक प्रधानमंत्री एक मुस्लिम होगा। अगर आप एक ही बच्चा पैदा करते हैं, तो समाज के लिए काफी नहीं। उन्होंने कहा- एक बेटा पैदा करने से अच्छा है कि कोई संतान ही न हो। आज संसद में कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो हिंदुओं की समस्याओं को उठाए। केवल यूपी के सीएम योगी ही ऐसे नेता हैं, जो अंत तक हमारे साथ खड़े रहेंगे। इधर, काशी विद्वत परिषद ने हिंदुओं के लिए नई आचार संहिता तैयार की है।

## वीरेंद्र सहवाग ने पत्नी आरती को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो किया, तलाक की अफवाह तेज

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने इंस्टाग्राम पर पत्नी आरती को अनफॉलो कर दिया है। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनके तलाक की खबरें तेज हो गई हैं। हिन्दुस्तान टाइम्स के मुताबिक, परिवार के करीबी सूत्रों का कहना है कि दोनों कई महीनों से अलग-अलग रह रहे हैं और तलाक की संभावना है। वीरेंद्र सहवाग ने साल 2004 में शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं। 2007 में आर्यवीर और 2010 में वेदांत का जन्म हुआ था। दो सप्ताह पहले वीरेंद्र सहवाग पलक्कड़ में विश्व नागयक्षी मंदिर गए थे। इसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। हालांकि, उनमें आरती कहीं नजर नहीं आईं। इससे पहले वीरेंद्र सहवाग ने इंस्टाग्राम पर आखिरी तस्वीर अपने परिवार की दीपावली 2024 पर पोस्ट की थी।



## ब्रिटेन में 18 वर्षीय लड़के को 52 साल की सजा

**लंदन।** ब्रिटेन में एक डांस क्लास में 3 बच्चियों की चाकू घोंपकर हत्या करने वाले लड़के को कोर्ट ने 52 साल की सजा सुनाई है। दोषी एक्सल रुदाकुबाना पर हत्या के अलावा, हत्या की कोशिश के भी 10 मामले चल रहे थे। जज ने गुरुवार को सजा सुनाते हुए इसे सबसे गंभीर अपराध में से एक बताया। जज जूलियन जूज ने कहा कि 18 साल का एक्सल रुदाकुबाना निर्दोष बच्चियों की सामूहिक हत्या करना चाहता था। उन्होंने कहा कि दोषी को हिरासत में बिताए गए 6 महीने को छोड़कर 52 साल की सजा काटनी होगी। एक्सल रुदाकुबाना ने लिवरपूल के पास साउथपोर्ट में 29 जुलाई की शाम कई बच्चियों पर चाकू से हमला किया था। इसमें एलिस दा सिल्वा अगुइर (9 साल), एल्सी डॉट स्टैनकॉम्ब (7 साल) और बेबे किंग (6 साल) की मौत हो गई थी और लगभग 1 दर्जन लोग जख्मी हो गए थे। घायलों में अधिकतर बच्चे थे। इनकी उम्र 7 से 13 साल के बीच थी।



# वाल्वो कंपनी के दल ने श्री महाकाल के दर्शन किए

**रणजीत टाइम्स**

वाल्वो कंपनी का दल स्वीडन व ब्राजील से भारत में आया। जिसके सदस्यों ने अपने भारत प्रवास के दौरान उज्जैन श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सत्कार प्रभारी चंद्रप्रकाश शर्मा द्वारा उनका दुप्पटा व प्रसाद देकर सम्मान किया गया।

# उज्जैन जॉन के 7 जिलों में जब्त 78 टन 8600 करोड़ रुपए

## अलग-अलग ड्रग्स को नष्ट किया

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन संभाग के सभी थानों में जब्त 8600 करोड़ की अलग-अलग करीब 78 टन ड्रग्स को नीमच की विक्रम सीमेंट फैक्ट्री में नष्टिकरण किया है। सभी थानों के करीब 456 मामलों में जब्त डोडाचुरा, अफीम, स्मैक, एमडीएम, गांजा, चरस सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त किए है।



देश में नीमच-मंदसौर जिला अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। यहां बड़ी मात्रा में अफीम उत्पादन किया जाता है। नीमच जिले में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले आये दिन आते सामने आते रहते हैं। जिसमे पुलिस के द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ अफीम, डोडाचूरा, गांजा आदि जप्त करने की कार्रवाई की जाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर 11 जनवरी से 25 जनवरी तक ड्रग्स डिस्पोजल पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

### बॉयलर में 10 प्रकार के मादक पदार्थ का नष्टिकरण किया

इसी कड़ी में गुरुवार को नीमच जिले के जावद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली विक्रम सीमेंट फैक्ट्री अल्ट्राटेक के सीमेंट प्लांट के बॉयलर में आज गुरुवार को 10 प्रकार के मादक पदार्थ का नष्टिकरण किया जा रहा है। इसमें जिसकी मात्रा 78 टन है, जिसकी अनुमानीत कीमत करीब 8600 करोड़ रुपए आकी जा रही है। इस नष्टिकरण की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में वाहनों में पुलिस द्वारा गत वर्ष जप्त किये गए अवैध मादक पदार्थ को लाया गया।

### करीब 200 पुलिसकर्मी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे

उज्जैन जोन के 7 जिलों नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा, देवास, शाजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्र में जप्त किए गए मादक पदार्थ को नष्ट किया गया। इस दौरान उज्जैन जोन के आईजी उमेश कुमार योगा रतलाम रेंज के डीआईजी मनोज कुमार सिंह सहित चार जिलों के एसपी और बड़ी संख्या में डीएसपी थाना प्रभारी करीब 200 पुलिसकर्मी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में भी नस्तीकरण की प्रक्रिया की गई।

## मादक पदार्थ के साथ दो युवक हिरासत में, पूछताछ जारी

**रणजीत टाइम्स**

मादक पदार्थ के साथ दो युवकों को पंवासा और बिरलाग्राम थाना पुलिस में गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने के बाद सिंथेटिक चौराहा पर नाकेबंदी का बाइक सवार युवक को रोका गया था। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसका नाम विशाल पिता प्रहलाद बरगुंडा निवासी नौगांवा तराना होना सामने आया। मादक पदार्थ के साथ दूसरा युवक बिरला ग्राम थाना पुलिस की हिरासत में आया है।

## 5 साल के बच्चे को वाशरूम में फेंका, मैला साफ करवाया

**रणजीत टाइम्स**

मेरे 5 साल के बीमार बच्चे का सिर्फ इतना ही गुनाह था कि उसे क्लास में जरा सी टॉयलेट-लेट्रीन आ गई। इतनी सी बात पर स्कूल ने दुर्व्यवहार की सारी हदें पार कर दीं। उसे कचरे की तरह उठाकर वाशरूम में फेंक दिया और मैला साफ करवाया। स्कूल के इस व्यवहार से बच्चे को इतना मानसिक आघात लगा है कि अब उसे साइकेट्रिस्ट को दिखाना पड़ रहा है। डॉक्टर कह रहे हैं कि उसके अंदर इतना डर बैठ गया है कि हालत में धीरे-धीरे ही सुधार हो पाएगा। अभी तो मेरा बेटा पूरा-पूरा 5 साल का भी नहीं है, जब छोटा था तब उसे निमोनिया हो गया था। तब से उसे ठंड से बचाना पड़ता है नहीं तो वह बहुत बीमार हो जाता है।

## मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग ने देर शाम 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा दिनांक घोषित की हैं

**रणजीत टाइम्स**

10 वीं का पहला पेपर "हिंदी" 27 फ़रवरी 2025 को होगा।
12 वीं का पहला पेपर "हिंदी" 25 फ़रवरी 2025 को होगा।
परीक्षार्थियों को सुबह 08:30 बजे कक्षा में प्रवेश करना होगा।

## पत्नी की बॉडी के टुकड़े किए, प्रेशर कुकर में उबाला, फिर झील में फेंक दिया

**रणजीत टाइम्स**

तेलंगाना में सेना से रिटायर्ड एक शख्स (गुरुमूर्ति) ने अपनी पत्नी (माधवी) की हत्या कर दी। फिर सबूत मिटाने के लिए शव के छोटे-छोटे टुकड़े किए और प्रेशर कुकर में उबालकर झील में फेंक दिया। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि हड्डियों से मांस को अलग करने के लिए आरोपी ने उन्हें मूसल से कुचला भी था। आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया गया है। हत्या वाले दिन गुरुमूर्ति के बच्चे उसकी बहन से मिलने गए थे। उसने गुमशुदगी का नाटक रचा और माधवी के माता-पिता को इस बारे में बताया। हत्या के बाद माधवी के मांस और हड्डियों को तीन दिनों तक पकाया, एक थैले में भरकर पास की झील में फेंक दिया। अभी तक पुलिस को शव के टुकड़े नहीं मिले हैं, जिसमें गुरुमूर्ति ने शव के अंगों को फेंकने का दावा किया था।

# निगम मंडलों में नियुक्ति की जुगाड़ में उज्जैन के बीजेपी नेता

### सीएम के बहुत करीबी भी मानते है लेकिन मंशा पूरी नहीं हो रही

**रणजीत टाइम्स**

विकास प्राधिकरण के साथ ही अन्य निगम मंडलों में खुद की नियुक्ति कराने की जुगाड़ में उज्जैन के बीजेपी नेता है। हालांकि अभी सूबे की सरकार ने इस बात का संकेत बिल्कुल भी नहीं दिया है कि निगम मंडलों में पदों पर कब तब नियुक्तियां होगी लेकिन इस कारण पदों की चाह रखने वाले बीजेपी नेताओं की मंशा अभी पूरी होते नहीं दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि उज्जैन में ऐसे कई बीजेपी नेता है जो उज्जैन निवासी और सूबे के सीएम डॉक्टर मोहन यादव के बहुत करीबी मानते है बावजूद इसके ऐसे नेताओं की भी मंशा फिलहाल पूरी नहीं हो सकी है।

मप्र में सरकार बने 13 महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन राजनीतिक नियुक्तियों की आस लगाए बैठे भाजपा नेताओं की मंशा पूरी होती नहीं दिख रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद नेताओं को दर्जा मंत्री बनाने का सपना दिखाया गया। इसके लिए नेताओं ने सत्ता, संगठन और संघ की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। लेकिन मंत्री बनने का सपना अभी भी अधर में है। प्रदेश में निगम मंडलों में नेताओं की नियुक्तियों का इंतजार थोड़ा और लंबा हो गया है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही निगम-मंडलों में नेताओं को एडजस्ट किया जाएगा।



# स्व. यशवंत घोडावत की 11 वीं पुण्यतिथि पर जिला पत्रकार संघ का आयोजन

उत्सव सोनी

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

झाबुआ जिले की पत्रकारिता के वटवृक्ष माने जाने वाले पत्रकार स्व.यशवंत घोडावत की 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर जिला पत्रकार संघ झाबुआ का वार्षिक महासम्मेलन ग्राम कुन्दनपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में धार के वरिष्ठ पत्रकार पं.छोटू शास्त्री ,ख्याति प्राप्त कार्टूनिस्ट इस्माईल लहरी, प्रदेश की वरिष्ठ महिला पत्रकार सुश्री शीतल राय बतौर अतिथि प्रमुख रूप से उपस्थित थे । कुदनपुर के पुलिस चौकी प्रभारी दीपक देवरे एवं समाजसेवी निहालचंद पडियार ,मदनलाल पांचाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे । आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया । अतिथियों एवं जिले भर से आए सभी पत्रकारों द्वारा स्व. घोडावत के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री विष्णु विद्या विहार स्कूल कुंन्दनपुर की बालिकाओं द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से मां सरस्वती की आराधना प्रस्तुत की।

अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी,महासचिव अक्षय भट्ट, संरक्षक संजय भटेवरा, हरिशंकर पंवार ,विधिक संरक्षक मुकुल सक्सेना, कुन्दनपुर इकाई अध्यक्ष राधेश्याम परिहार, जिला संयोजक गोविन्दसिंह ठाकुर, केशवसिंह ठाकुर, अंतिमसिंह ठाकुर ,कृष्णपालसिंह ठाकुर ,जिला पदाधिकारियों एवं जिले भर की विभिन्न इकाईयों से आए इकाई अध्यक्षों एवं पत्रकार साथियों द्वारा किया गया।



स्वागत भाषण देते हुए जिला पत्रकार के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि जिला पत्रकार संघ जिले का सबसे पुराना एवं एकमात्र संगठन है जिसकी जिले भर में विभिन्न स्थानों पर 40 इकाईयां है । संगठन को स्व.घोडावत द्वारा ही रचा और गढा गया था जो आज वटवृक्ष के रूप में चल रहा है । संगठन द्वारा पत्रकारों के हित में कार्य करते हुए वर्ष भर में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है । साथ ही विभिन्न स्तर पर सम्मान भी किए जाते है । संघ के संरक्षक संजय भटेवरा ने आयोजन की अवधारणा के बारे में अवगत कराते हुए संगठन द्वारा विभिन्न स्तरों पर पत्रकारों को प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले सम्मान एवं पुरूस्कारों के बारे में बताया । साथ ही मेघावी विद्यार्थियों ,समाजसेवी एवं अन्य विधा में भी संगठन द्वारा सम्मानित किए जाने के बारे में बताया ।भटेवरा ने बताया कि घोडावतजी के आदर्श हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। संघ के महासचिव अक्षय भटट ने कहा कि जिला पत्रकार संघ को स्व.घोडावत ने ही बनाया था ।जिला पत्रकार संघ प्रतिवर्ष उनकी पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्वांजलि सभा एवं पत्रकार महासम्मेलन का आयोजन करता है । संगठन क्वांटिटी पर नहीं क्वालिटी पर विश्वास रखता है।

**अतिथियों के उदबोधन**

प्रसिद्व कार्टूनिस्ट इस्माईल लहरी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के सामने समाचार लेखन के मामले में अलग तरह की चुनौतियां होती है ,उन्हें किसी के विरूद्व समाचार छापने के लिए अत्यधिक साहस जुटाना पडता है ,क्योंकि उससे उनका प्रतिदिन सामना होता है । वूमन प्रेस क्लब की प्रदेशाध्यक्ष सुश्री शीतल रॉय ने कहा कि पत्रकारों पर लिफाफा संस्कृति का आरोप लगाने वाले ये भूल जाते है कि पत्रकार किन मुश्किल परिस्थितियों में काम करता है। ये समझ से परे है कि पत्रकारों को कौन लिफाफे देता है । धार जिला पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पं. छोटू शास्त्री ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता एक मिशन है जिसे गांव कस्बों के पत्रकार जिम्मेदारी से आगे बढा रहे है ।

**इनका हुआ सम्मान**

आयोजन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पत्रकारों को सम्मान एवं पुरूस्कार प्रदान किए गए ,जिसमें सर्वकालिक संघर्ष शील पत्रकारिता सम्मान मरणोपरांत स्व. सुन्दरलाल जैन कालीदेवी को दिया गया जिसे उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र प्रफुल जैन द्वारा सपरिवार उपस्थित होकर ग्रहण किया गया । आजीवन प्रखर पत्रकारिता सम्मान ,पिटोल के वरिष्ठ पत्रकार भूपेन्द्र नायक को एवं उदयमान पत्रकारिता पुरूस्कार ,रायपुरिया के राजेश राठौड को प्रदान किया गया ।

इस वर्ष से पेटलावद के वरिष्ठ पत्रकार स्व.महेशचन्द्र जानी की स्मृति में सर्वकालिक सक्रिय पत्रकार पुरूस्कार भी जिला पत्रकार संघ की ओर से आरंभ किया गया जो कि पेटलावद के पत्रकार गोपाल राठौड को प्रदान किया गया । इस अवसर पर कुन्दनपुर क्षेत्र के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि के माध्यम से पुरूस्कृत किया गया । समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले कुन्दनपुर के मनोज ठाकुर , शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले श्री विष्णु विद्या विहार स्कूल कुन्दनपुर के संचालक दीपक राठौड एवं शिक्षा एवं समाजसेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शिक्षिका कविता तिवारी का भी सम्मान किया गया। सभा का संचालन संघ के संरक्षक हरिशंकर पंवार ने किया एवं आभार कुन्दनपुर इकाई अध्यक्ष राधेश्याम परिहार ने माना।

# गणतंत्र दिवस

## समारोह कार्यक्रम की रिहर्सल शहीद चंद्रशेखर आजाद स्टेडियम खनियाधाना में संपन्न

### तहसीलदार निशिकांत जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोगराज मीणा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीएन पुरोहित बी आर सी संजय भदोरिया एवं संवाद मित्र राजेश देव पांडे रहे उपस्थित!



**रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)**

शिवपुरी( खनियाधाना) गणतंत्र दिवस समारोह समिति सन 2025 खनियाधाना द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाए जाने की तैयारियां पूर्ण की गई है, आज दिनांक 24 जनवरी को तहसीलदार निशिकांत जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोगराज मीणा, विकासखंड शिक्षाअधिकारी प्रभारी पीएन पुरोहित,ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक संजय भदोरिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राजेश देव पांडे, जयेश जैन प्रेमलता पाठक नीतू पाठक पीटी परेड प्रभारी मधुकर चौहान,प्रगीलाल अहिरवार द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाए जाने के क्रम में विभिन्न संस्थाओं के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर जांचा परखा एवं चयनित किया गया! शहीद चंद्रशेखर आजाद सभागार प्रांगण में पीटी परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन समिति के मध्य बच्चों द्वारा परफॉर्मेंस किया गया जिसमें प्रतिभागी संस्थाओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में भाग लेने के लिए चयनितकिया गया है अब यह कार्यक्रम भव्य तरीके से इस वर्ष मनाया जा रहा है इसमें जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग के विभिन्न प्रतिभागी अपना कार्यक्रम उपस्थित जनप्रतिनिधियों नागरिकों पत्रकारों एवं भारी संख्या में बच्चों के बीच प्रस्तुत करना होता है जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय जूनियर एवं सीनियर ग्रुप से पीटी परेड सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों का चयन करना होगा ! तहसील खनियाधाना के शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय के बच्चों द्वारा तीनों प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन 26 जनवरी के दिन करेंगे।





# गणतंत्र दिवस 2025

# भारतीय लोकतंत्र के 75 गौरवशाली वर्ष

## परिचय

26 जनवरी 2025 को भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। यह दिन न केवल हमारे संविधान को सम्मानित करने का है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के 75 वर्षों की उपलब्धियों, संघर्षों और विकास यात्रा को गर्व से मनाने का भी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरे देश में विशेष कार्यक्रम और जश्न का आयोजन होगा, जो भारत की शक्ति, विविधता और एकता को दर्शाएगा।






## 75 वर्षों का गौरवशाली सफर

1950 से 2025 तक, भारतीय गणराज्य ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

### 1. लोकतंत्र की मजबूती:

1950 में संविधान लागू होने के बाद से भारत में हर पांच साल पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए हैं। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आज विश्व के लिए प्रेरणा बना हुआ है।

### 2. सामाजिक प्रगति:

महिलाओं को समान अधिकार, दलितों और वंचित वर्गों के लिए आरक्षण और शिक्षा का अधिकार जैसे सुधारों ने समाज में बदलाव लाया। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसी योजनाएं समाज को बदलने में सहायक रहीं।

### 3. आर्थिक विकास:

1991 में आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत ने वैश्विक स्तर पर खुद को एक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

### 4. वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति:

चंद्रयान-3 और मंगलयान जैसे मिशन भारतीय वैज्ञानिकों की क्षमता का प्रमाण हैं। भारत ने डिजिटल क्रांति में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

### 5. वैश्विक नेतृत्व:

भारत आज जी20, ब्रिक्स और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और शांति स्थापना में भारत का योगदान सराहनीय है।

**26 जनवरी 2025:**

## जश्न की झलकियां

1. कर्तव्य पथ पर ऐतिहासिक परेड: इस वर्ष की परेड में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की नई तकनीक और शौर्य को प्रदर्शित किया जाएगा। स्वदेशी हथियारों, ड्रोन, और अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों को परेड का हिस्सा बनाया जाएगा।

2. विशेष झांकियां: राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां भारत की सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं को प्रदर्शित करेंगी। 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम पर आधारित झांकियां 75 वर्षों की उपलब्धियों को दिखाएंगी।

3. वीरता पुरस्कार: राष्ट्रपति उन वीर सैनिकों और नागरिकों को सम्मानित करेंगे जिन्होंने असाधारण साहस दिखाया। बाल वीरता पुरस्कार पाने वाले बच्चों की कहानियां प्रेरणा देंगी।

4. डिजिटल इंडिया का प्रदर्शन: परेड में डिजिटल क्रांति और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के क्षेत्र में भारत की सफलता को दिखाया जाएगा। अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल भुगतान और तकनीकी शिक्षा में प्रगति को उजागर किया जाएगा।

5. राष्ट्रीय गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन: देशभक्ति गीतों और नृत्यों के माध्यम से भारत के वीरों और संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। स्कूल और कॉलेज के छात्र विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

विशेष सन्देश प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इस अवसर पर देशवासियों को संबोधित करेंगे। उनका भाषण भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणादायक होगा और आने वाले वर्षों में भारत को विश्वगुरु बनाने के उनके सपनों की झलक देगा।

न्यूज पेग: क्यों महत्वपूर्ण है 26 जनवरी 2025? यह दिन हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। 75 वर्षों के इस सफर में हमने लोकतंत्र, विकास और भाईचारे की मिसाल कायम की है। यह दिन हमारे उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करने का है, जिन्होंने हमें एक स्वतंत्र गणराज्य दिया।

निष्कर्ष 26 जनवरी 2025 केवल एक दिन नहीं, बल्कि 75 वर्षों की उस यात्रा का उत्सव है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया। यह दिन हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने कर्तव्यों को समझें और देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

"जय हिंद, जय भारत"

आपका गोपाल गावंडे